महत्त्वपूर्ण सूचना

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

श्री सांई तारा कॉम्पलेक्स, आई०ए०एस० कॉलनी, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना 801503

(वेबसाईट- **www.csbc.bih.nic.in**)

विज्ञापन संख्या-01/2017

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 01/2017 के अन्तर्गत सिपाही पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की शारीरिक जाँच-माप परीक्षण (19.02.2018 से 27.03.2018 तक) शहीद राजेन्द्र प्रसाद सिंह, राजकीय उच्च विद्यालय, पटना हाई स्कुल गर्दनीबाग, पटना- 02 में आयोजित की गई थी। इस दौरान शारीरिक जाँच-माप परीक्षण के सफल अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन के क्रम में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा वांछित शैक्षणिक/जातीय/आवासीय/स्वतंत्रता सेनानी से संबंधित/क्रिमीलेयर रहित प्रमाण-पत्र आदि में से कुछ प्रमाण-पत्र जमा नहीं किया गया। ऐसे अभ्यर्थियों को जाँच पदाधिकारी द्वारा संबंधित प्रमाण-पत्र की मूल प्रति के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था, किन्तु इसके बावजूद कई अभ्यर्थियों द्वारा अभी तक इस कार्यालय में उपस्थित होकर वांछित प्रमाण-पत्र समर्पित नहीं किया गया है।

ऐसे अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वह अपना वांछित प्रमाण-पत्र की मूल प्रति तथा उसकी स्वसत्यापित छाया-प्रति के साथ दिनांक 25.04.2018 तक कार्यालय कार्यदिवस में निश्चित रूप से प्रातः 10:00 बजे से संध्या 06:00 के बीच केन्द्रीय चयन पर्षद कार्यालय, बैक हार्डिंग रोड, पटना में उपस्थित होकर अपना वांछित प्रमाण-पत्र जमा कर दें अन्यथा प्रमाण-पत्र जमा नहीं करने की स्थिति में यह मानते हुए कि अभ्यर्थी के पास वांछित प्रमाण-पत्र नहीं है, पर्षद अग्रतर कार्रवाई हेतु निर्णय लेने के लिये स्वतंत्र होगा।

आदेशानुसार

अध्यक्ष

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार,पटना

ज्ञापांक-05.के०च०प०(सू०),

दिनांक-13.04.2018